कार्यालय प्रभारी निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट नई दिल्ली

पत्रांक–रे0सु0ब0 / Misc / नई दिल्ली / 2025 दिनांक–16.02.2025

श्रीमान वरि0मं0सु0आ0 (समन्वय)
रे0सु0ब0 / दिल्ली मंडल / पी0के0रोड
नई दिल्ली।

विषय :– दिनांक 15.02.2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के सम्बन्ध में
****

महोदय,

विषयांकित के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 15.02.2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सामान्य दिनों की भांति प्रयागराज की तरफ जाने वाली भीड़-भाड़ वाली गाड़ियों को निरीक्षक नई दिल्ली हमराह स्टाफ रे.सु.ब. पोस्ट नई दिल्ली व मंडल की अन्य पोस्टो से आये स्टाफ के साथ कुम्भ मेले के दौरान भीड़ को और दिनों की तरह ठीक-ठाक पास करवाया जा रहा था। गाड़ी संख्या 12560 शिवगंगा के PF 12 से प्रस्थान होने के बाद अचानक से स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी जिससे FOB 2 और 3 चोक हो गए तथा PF 12-13,14-15 व 16 पर जाम की स्थिति पैदा हो गयी। मौके पर ही ASC/NDLS FOB 2 पर आये और भीड़ का आंकलन कर स्टेशन डायरेक्टर को और अधिक टिकट बेचने से मना किया और अधिक भीड़ होने का अंदेशा जताते हुए सतर्कता बरतने के लिए कहा गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा CCTV के माध्यम से उद्घोषणा करवाकर सभी ऑन ड्यूटी तथा ऑफ ड्यूटी स्टाफ को तुरंत उक्त PF और FOBs पर पहुचने के निर्देश दिए तथा स्टेशन डायरेक्टर को स्पेशल गाड़ी भर जाने पर तुरंत चलाने का आदेश देने हेतु कहा गया व स्वंय स्टाफ के साथ FOB 2 पर मौजूद रहकर तथा अन्य अधिकारियो को स्टाफ के साथ FOB 3 पर पहुँच कर स्थिति को सँभालने के निर्देश दिए। इसी दौरान ASC/NDLS स्वम FOB 3 पर पहुंचे और स्टाफ के साथ मिलकर FOB 3 को क्लियर करने का प्रयास किया जब रेलवे सुरक्षा बल द्वारा FOB 2 और 3 को क्लियर करवाने का प्रयास किया जा रहा था उसी दौरान समय करीब 20:45 बजे उद्घोषणा हुई कि प्रयागराज को जाने वाली कुम्भ स्पेशल PF 12 से जाएगी लेकिन उसके कुछ समय बाद स्टेशन पर दोबारा उद्घोषणा की गई कि कुम्भ स्पेशल PF 16 से जाएगी जिसके चलते यात्रिओं में भगदड़ की स्थिति उत्पन हो गयी जबकि उस समय PF 14 पर गाड़ी संख्या 20802 मगध एक्सप्रेस व PF 15 पर गाड़ी संख्या 12445 उत्तर सम्पर्क क्रांति खड़ी थी तथा गाड़ी संख्या 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्रियों की भी भीड़ PF 14 पर मौजूद होने के कारण यात्रियों का आवागमन रुक गया था। उक्त उद्घोषणा सुनने के बाद यात्री PF-12-13 व 14-15 से सीढियों के रास्ते FOB 2 और 3 पर चढ़ने का प्रयास करने लगे तथा गाड़ी संख्या 20802

मगध एक्सप्रेस, 12445 उत्तर सम्पर्क क्रांति तथा 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्री जो सीढियों से नीचे उतर रहे थे इन सबके बीच धक्का- मुक्की के दौरान कुछ यात्री सीढियों पर फिसल कर गिरकर घायल हो गये जिनके ऊपर से अन्य यात्री गुजरने लगे। उक्त सुचना से सेक्टर इंचार्ज ASI धनेश्वर द्वारा CCTV के माध्यम से समय 20.48 बजे ऑन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक नई दिल्ली को अवगत कराया तथा RPF स्टाफ व कुलियों की मदद से एम्बुलेंस व PCR दिल्ली पुलिस के माध्यम से घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों (RML, LNJP, लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल) भिजवाया गया। इसी दौरान मन निरीक्षक नई दिल्ली द्वारा ASC/NDLS के निर्देश पर अजमेरी गेट साइड पहुँच कर सभी एंट्री गेट को बंद करवाया गया तथा स्थिति ठीक होने तक उन्हें ऐसे ही रखा गया। उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में मौके से ही उच्च अधिकारियो को अवगत करवाया गया इस दौरान स्टेशन एरिया में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति सही नही होने की वजह से इस सम्बन्ध में सभी संदेशो का आदान प्रदान CCTV एवं रोजनामचा स्टाफ के माध्यम से करवाया गया और मण्डल सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष को भी घटना के सम्बन्ध में CCTV स्टाफ द्वारा अवगत करवाया गया। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उपरोक्त के सम्बन्ध में SHO GRP नई दिल्ली को सुचना दी गई। घटना की सूचना पाकर CRB महोदय, महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल, महानिरीक्षक रेलवे बोर्ड, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त उतर रेलवे, उप महानिरीक्षक (प्रोजेक्ट), वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त दिल्ली, रेलवे तथा GRP व दिल्ली पुलिस के उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुचे अधिकारीयों द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया। मौके से ही उप निरीक्षक कुलदीप को स्टाफ के साथ उपरोक्त सभी अस्पतालों में भेजा गया जहाँ से यह सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त तीनों अस्पतालों में कुल 30 घायल यात्री भेजे गये थे जिनमे से 20 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है तथा 10 यात्री घायल है जिनका उपचार किया जा रहा है। मौके पर 18 एम्बुलेन्स, 18 PCR तथा फायर ब्रिगेड की गाड़िया व आपदा प्रबंधन की टीम भी पहुची। रेलवे द्वारा मृतक व घायल यात्रियों के लिए मुआवजे का ऐलान किया गया है तथा अस्पतालों में ही मृतकों व घायलों के परिजनों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को साथ मृतक व्यक्तियों के घर बिहार भिजवाया गया है बाकि मृतकों के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है। मृतकों का पोस्ट मार्टम सम्बंधित पुलिस द्वारा कराया जा रहा है। मामले की प्रगति से अवगत कराया जायेगा।

रिपोर्ट सेवा में सादर प्रेषित है।

16/2

प्रभारी निरीक्षक
रे.सु.ब. पोस्ट, नई दिल्ली